# कार्यालय कलेक्टर (भू–अर्जन) जिला पन्ना मध्यप्रदेश

क्रमांक / 643 / भू–अर्जन / 2014 पन्ना, दिनांक 26 सितम्बर 2014

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,
एवं भू–अर्जन अधिकारी, गुनौर, पवई एवं शाहनगर,
जिला पन्ना मध्यप्रदेश ।

विषयः– सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाली वन भूमि के बदले दी जाने वाली राजस्व भूमि का हस्तांतरण करने बावत् ।

संदर्भः– वनमंडलाधिकारी दक्षिण वन मंडल पन्ना का पत्र कमांक 4554 दिनांक 04.08.14 एवं उप वनमंडलाअधिकारी दक्षिण वन मंडल पवई का पत्र कमांक 2232 दिनांक 24.09.2014.

———00———

उपरोक्त विषयान्तर्गत वन विभाग, जल संसाधन विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त निरीक्षण उपरांत वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चिन्हित की गई भूमि को राजस्व अभिलेख में वन मण्डलाधिकारी दक्षिण वन मंडल पन्ना के नाम से हस्तांतरण कर इस कार्यालय को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें ।

जल संसाधन विभाग के विभिन्न तालाबों के निर्माण में प्रभावित वन क्षेत्र की भूमि का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | परियोजना का नाम | प्रभावित रकवा (है0 में) |
|---|---|---|
| 1. | मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना | 427.00 |
| 2. | रूँज मध्यम सिंचाई परियोजना | 155.00 |
| 3. | भित्तरी मुटमुरू तालाब योजना | 37.50 |
| 4. | टिर्री गुरने तालाब योजना | 13.00 |
| 5. | खोरा तालाब योजना | 1.60 |
| 6. | पटपरा तालाब योजना | 4.98 |
| 7. | परासी तालाब योजना | 40.00 |
| 8. | बन साकर तालाब योजना (जिला सतना) | 11.00 |
| | कुल योगः– | 690.00 |

उक्त प्रभावित वन भूमि 690.00 है0 के बदले में दी जाने वाली चिन्हित की गई एवं वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त पाई गई राजस्व भूमि का क्षेत्रफल 695.44 है0 का ग्रामवार व खसरावार विवरण संलग्न है ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

(रवीन्द्र कुमार मिश्रा)
आई.ए.एस.
कलेक्टर,
जिला पन्ना मध्यप्रदेश

पृ0 क्रमांक / 644 / भू–अर्जन / 2014 पन्ना, दिनांक 26 सितम्बर 2014

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग, भोपाल ।
2. कमिश्नर, कमाण्ड क्षेत्र विकास, जल संसाधन विभाग, भोपाल ।
3. वनमंडलाधिकारी, उत्तर / दक्षिण वनमंडल पन्ना ।
4. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन, संभाग, पन्ना / पवई / सतना,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

कलेक्टर,
जिला पन्ना मध्यप्रदेश